# गुरुद्वारा स्थित सराय को संसाधनयुक्त बनाएंगे : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सहारनपुर चौक स्थित गुरुद्वारा में श्री गुरु सिंह सभा देहरादून के सिख समुदाय में होने वाले ह्यआनन्द कारजह्न की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू करने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि आढ़त बाजार के इस गुरुद्वारा में स्थित सराय को संसाधन युक्त किए जाने को अल्पसंख्यक कल्याण निधि से 25 लाख रुपये की धनराशि दी जायेगी। सिख समाज में सेवा का जो विशेष भाव है, उसी भाव के अंतर्गत गरीब सिख परिवारों के बच्चों और समाज के अन्य गरीब तबकों के लिए सिख समाज ने विद्यालय खोले हैं। ऐसे विद्यालयों में संसाधन उपलब्ध किए जाने को 25 लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे।मुख्यमंत्री धामी ने गुरु नानक देव जी को नमन करते हुए कहा कि उनके अंदर का सेवाभाव दिनों दिन बढ़ता रहे और गुरु नानक देव जी का आशीर्वाद ऐसे ही पूरे प्रदेश पर बना रहे। उन्होंने कहा कि आनंद कारज एक्ट के लिए वर्ष 1909 में पहली बार मांग उठी थी, इसके बाद एक्ट बनवाने और पास करवाने के लिए सिख समाज को लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। प्रदेश में राज्य सरकार ने कैबिनेट में आनंद कारज एक्ट को मंजूरी देकर सिख समाज की एक सदी पुरानी मांग को पूरा किया है।

इस एक्ट के लागू होने से एक ओर जहां सिख समुदाय में महिला सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा मिलेगा वहीं सभी विवाहों का पंजीकरण अनिवार्य होने से बाल विवाह, बहुविवाह को रोकने में भी मदद मिलेगी। यह एक्ट महिलाओं को पति से भरण-पोषण और बच्चों को अपनाने के अपने अधिकारों का उपयोग करने में भी सहायक सिद्ध होगा, इसके साथ ही विधवा महिलाओं को विरासत का दावा करने में सक्षम बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व का ही प्रतिफल है कि आज करतारपुर कॉरिडोर बनाने की सिख समाज की वर्षों पुरानी मुराद पूरी हो पाई। 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए पहली बार ह्वीर बाल दिवसह्न मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने गुरुद्वारा में मत्था टेक प्रदेश की खुशहाली की कामना

**लंगर**

▶▶ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु ने गुरुद्वारा के लंगर में पहुंचकर प्रसाद वितरित किया

**देहरादून/कोटद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष और कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने गुरुवार को कोटद्वार के गुरुद्वारा में मत्था टेक कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। कोटद्वार के गोविंद नगर स्थित गुरुद्वारा में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु ने गुरुद्वारा के लंगर में पहुंचकर प्रसाद वितरित किया। इस दौरान विस अध्यक्ष ने कोटद्वार की आपदा में गुरुद्वारा कमेटी की ओर से किए गए कार्यों की सराहना भी की।



उन्होंने कहा है कि सिख समुदाय असहाय निर्धन लोगों की मदद करने में हमेशा आगे रहा है। यहां पर नर सेवा नारायण सेवा की बात है। गुरुद्वारा आपदा पीड़ितों की मदद के लिए उन्हें भोजन, शुद्ध पेयजल और साथ ही आध्यात्मिक सहायता भी प्रदान करता है।

## गोदाम से 25 लाख की नकदी उड़ा ले गए चोर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक व्यापारी ने अपनी दुकान से 25 लाख की नकदी चोरी होने की शिकायत पुलिस से की है। व्यापारी की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इतना पैसा गल्ले में रखे होने की बात को भी पुलिस संदिग्ध मानकर चल रही है। रुड़की के आजाद नगर चौक के पास उप कारागार के सामने नवीन गोयल का पाइप और टैंक का गोदाम है। रोजाना की तरह बुधवार शाम वह अपना गोदाम बंद करके घर चले गए। गुरुवार सुबह जब गोदाम पर पहुंचे तो गोदाम का ताला खोलकर अंदर देखकर वह हक्के-बक्के रह गए। अंदर उनके ऑफिस का शीशा टूटा हुआ था और अज्ञात चोरों द्वारा लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

# मांगों को लेकर कर्मियों ने किया चार घंटे का कार्य बहिष्कार

**आंदोलन**

▶▶यदि जल्द ही मांगों का निस्तारण नहीं किया तो विवश होकर आंदोलन को उग्र रूप देना पड़ेगा।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के पूर्व प्रस्तावित आंदोलन के क्रम में गुरुवार को शिक्षणेत्तर संगठन के तत्वाधान में गुरुकुल ऋषिकुल आयुर्वेद कॉलेज हरिद्वार, प्रशासनिक भवन व मुख्य परिसर हरावाला देहरादून के कार्मिकों ने तीसरे चरण के दूसरे दिन 4 घंटे का कार्य बहिष्कार किया।



आंदोलन कार्यक्रम के दौरान अनिल सिंह नेगी राजपाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों का दो माह से वेतन नहीं मिला है। विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी मांगों के निस्तारण के लिए चुप्पी साधे हुए हैं। यदि जल्द ही मांगों का निस्तारण नहीं किया तो विवश होकर आंदोलन को उग्र रूप देना पड़ेगा। कुमारी नीमा, मनोज पोखरियाल ने संयुक्त रूप से कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन कार्मिकों को बार-बार झूठा आश्वासन दे रहा है। शुक्रवार से कार्मिक स्मपूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे। प्रशासन इसी प्रकार से अपनी मनमानी करता रहा तो जल्द ही सम्पूर्ण परिसरों में तालाबंदी की जाएगी। लक्ष्मी उनियाल और कशमीरी लाल ने कहा कि एक्सरे टेक्नीशियन व नर्सिंग, के 4200 ग्रेट को 4600 ग्रेट पे नहीं किया जाता तो अभी कार्मिक अपनी मांगों को मनवाने के लिए सड़कों पर भी उतर सकते हैं। यशोदा रतूड़ी, क्षत्रपाल सिंह, उपासना, उत्तम कुमार, आशुतोष गैरोला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। ऋषिकुल परिसर में कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की उपाध्यक्ष सुनीता चंद्र तिवारी और संचालन मोहित मनोचा ने किया। गुरुकुल में त्रिलोकी कुमार मुख्य परिसर में अध्यक्षता लक्ष्मी उनियाल ने की। इस दौरान ज्योति नेगी, रेमश पंथ, प्रमोद कुमार, समीर पांडेय, कुसुम, सुरेंद्र सिंह, ममता, दिलबर सिंह, प्रवीन पुरोहित, जगजीत सिंह, कमल कुमार, दिनेश कुमार, दीपक, चंदन चौहान नितिन कुमार, चंद्रपाल, विनोद कुमार, अमित कुमार, ममता बिष्ट, डॉली, प्रवीन भारती, ताजबर सिंह, विमला, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ता ने डीएम को भेजा कानूनी नोटिस

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम कपिल का कल 16 अगस्त को बीएचईएल फाउंड्री गेट के पास सड़क पर गहरे गड्ढे होने के कारण गंभीर रूप से घायल होने पर अधिवक्ता ने जिलाधिकारी को कानूनी नोटिस भेजकर सड़कों के गड्ढों को अविलम्ब भरने की मांग की है।

डीएम को भेजे नोटिस में अधिवक्ता अरुण भदौरिया ने कहा कि बीएचईएल फाउंड्री गेट के पास सड़क पर गहरे गड्ढे होने के कारण 16 अगस्त को वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम कपिल गंभीर रूप से घायल उसमें गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीछे से आ रहे पुलिस कर्मचारियों ने घायल अवस्था में अधिवक्ता को सिटी हॉस्पिटल भिजवाया और प्राथमिक उपचार के बाद उनके परिजनों ने अधिवक्ता को चंडीगढ़ इलाज के लिए भेजा है।

इस संबंध में हरिद्वार के अधिवक्ता अरुण भदौरिया ने जिलाधिकारी हरिद्वार को स्वयं कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि जनपद हरिद्वार में जगह-जगह सड़कों पर गड्ढे हो रखे हैं और उनका रोशनाबाद कोर्ट में अपने वाहन से रोज आना होता है। रास्ते में आईटीआई जगजीतपुर के सामने रोड कटिंग जो नित्य प्रतिदिन गड्ढा बनता जा रहा है, इसके अलावा संत महेंद्र सिंह रोड, दिव्य योग मंदिर वाली पुलिया जिसमें काफी गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं।

रानीपुर मोड से कचहरी रोशनाबाद तक, भैरव मंदिर वाली गली से निर्मल आश्रम तक, प्रेम नगर वाले फ्लाईओवर के नीचे, मातृछाया हॉस्पिटल के सामने, भगत सिंह चौक रेलवे लाइन के नीचे, भेल सेक्टर 1 से सेक्टर 2 तक, चिन्मय डिग्री कॉलेज का चौराहा जिसमें काफी गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इन सड़कों पर रोज अधिकारियों, बाहर से आने वाले लोगों का और जिलाधिकारी हरिद्वार का आना जाना लगा रहता है।

नोटिस में कहा कि इसी संदर्भ में कमल भदौरिया एलएलबी के छात्र ने भी जिलाधिकारी हरिद्वार को 26 जुलाई में एक पत्र लिखकर कि चिन्मय डिग्री कॉलेज से रोशनाबाद कचहरी चौराहे तक सड़क को ठीक करवाए जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा पत्र प्राप्त हो जाने के बावजूद उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि उच्च न्यायालय केरल व उत्तराखंड द्वारा भी आदेश पारित किया हुआ है कि सड़क पर गड्ढों से हुए हादसे को लेकर कलेक्टर ही जिम्मेदार होंगे, लेकिन जिलाधिकारी हरिद्वार द्वारा कोई भी आदेश और सड़क का टूटा होने की जानकारी मिलने के बावजूद इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। इस कारण घनश्याम कपिल दुर्घटना में घायल हो गए।

नोटिस में 3 दिन के भीतर उपरोक्त स्थानों के अलावा समस्त सड़कों के गड्ढों को भरे जाने के लिए कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि यदि वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम कपिल के साथ जिला अधिकारी की लापरवाही के कारण जो दुर्घटना हुई है, उसमें यदि अनहोनी होती है तो उस संबंध में भी जिलाधिकारी से तुरंत स्पष्टीकरण मांगा गया है कि क्यों ना आप के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करा दिया जाए और इलाज में होने वाले खर्च भी आपसे वसूल जिलाधिकारी से वसूल किया जाए।

### अधिकारियों के कामों से जनता खुश नजर आये : विधायक कंडारी

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
देवप्रयाग विधानसभा की समस्याओं के निस्तारण को लेकर देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी की अध्यक्षता में डीएम मयूर दीक्षित की मौजूदगी में सम्बंधित विभागों की बैठक जिला सभागार में हुई। इसमें विधायक कंडारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर कोताही न बरतें। प्रयास करें कि जनता अधिकारियों की कामों से खुश नजर आये। बैठक में डीएम ने विधायक कंडारी से वार्ता के बाद सामने आई शिकायतों पर सीएचसी कीर्तिनगर व सीएचसी हिन्डोलाखाल में अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे मशीन लगाकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही हार्ट रोग से सम्बंधित स्वास्थ्य चेकिंग कैम्प लगाने और चिकित्सालय के वाहनों के लिए वाहन चालक उपलब्ध कराये जाने के सीएमओ को निर्देश दिए। रोस्टर वाइज अल्ट्रासाउण्ड करवाने को कहा। चौरास-नैथाणा पुल पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था बनाने के लिए डीएम ने रेलवे के अधिकारियों को विद्युत व्यवस्था करने के साथ ही धूल उड़ने पर पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए।

# कांग्रेस उम्मीदवार बसंत कुमार ने बागेश्वर विस उपचुनाव के लिए किया नामांकन



**बागेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस उम्मीदवार बसंत कुमार ने गुरुवार को बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन कर दिया है। कांग्रेस उम्मीदवार जुलूस के शक्ल में नामांकन स्थल पर पहुंचे। ढोल नगाड़ों के साथ कांग्रेस कार्यकताओं ने जमकर नारे लगाए। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि बागेश्वर की जनता उपचुनाव में कांग्रेस को स्वीकार करेगी। भाजपा सरकार राज्य में 2017 से विकास के नाम पर केवल गुमराह करती आ रही है। राज्य में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। युवाओं छात्रों को अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। ऐसे में सरकार विकास की बात करना बेमानी है।

उन्होंने कहा कि बागेश्वर की जनता ने कई बार इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार को जिताया, लेकिन समस्याओं को दूर नहीं किया गया। आज भी यहां के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सरकार पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। भाजपा सरकार अग्निवीर जैसी स्कीम लाकर युवाओं के साथ मजाक किया है। इस बार बागेश्वर की जनता उपचुनाव में जरूर जवाब देगी। नामांकन के दौरान पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व विधायक ललित फर्सवाण समेत कांग्रेस के अन्य नेता उपस्थित रहे।

बागेश्वर विधानसभा सीट उपचुनाव के नामांकन के अंतिम दिन सपा, यूकेडी और 01 निर्दलीय उम्मीदवार ने भी पर्चा भरा। बागेश्वर उपचुनाव के लिए 5 सितंबर को मतदान और 8 सितंबर को मतगणना होगी।

## नगर निगम में दाखिल खारिज शुल्क हुआ आधा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून नगर निगम ने आम आदमी को बड़ी राहत दी है। अब नये दाखिल खारिज में उसे आधा शुल्क देना होगा। नगर निगम बोर्ड की बैठक में दाखिल खारिज शुल्क में संशोधन कर दिया है। यह जानकारी मुख्य नगर अधिकारी मनुज गोयल ने दी है।

गुरुवार को मनुज गोयल ने बताया कि अब नगर निगम में दाखिल खारिज के लिए लोगों को आधा शुल्क देना होगा। यह संशोधन पार्षदों की मांग पर बोर्ड बैठक में किया गया है।

फरवरी में बोर्ड की बैठक में दाखिल खारिज शुल्क में स्टाप ड्यूटी के शुक्ल के आधार पर बढ़ोतरी की गई थी।

# गंगा समग्र अभियान के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से की भेंट

**अरिवल गंगा**

▶▶इस अभियान में अरिवल गंगा और निर्मल गंगा के लिए कार्य किया जा रहा है: निरंजन त्रिवेदी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से उनके शासकीय आवास पर गुरुवार को गंगा समग्र अभियान के एक प्रतिनिधिमण्डल ने संगठन मंत्री निरंजन के नेतृत्व में भेंट की।

अभियान के संगठन मंत्री निरंजन त्रिवेदी ने बताया कि इस अभियान में अरिवल गंगा और निर्मल गंगा के लिए कार्य किया जा रहा है।



उन्होंने 18 सितम्बर 2023 को हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इस दौरान शांतनु सिंह सहित कई शामिल रहे।

# उत्तराखंड में 21 अगस्त तक येलो अलर्ट, 231 सड़कें बाधित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य में 21 अगस्त तक के लिए बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। लगातार हो रही बारिश से ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 231 मार्ग बाधित हैं। इन अवरुद्ध मार्गों को खोलने का कार्य जारी है। गुरुवार सुबह से लेकर दोपहर तक देहरादून सहित प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर मौसम खुला रहा। हालांकि आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। देहरादून सहित मैदानी इलाकों में चिलचिलाती धूप से मौसम में उमस का प्रभाव बना हुआ है। राज्य में मानसून सीजन में अतिवृष्टि से 15 मार्च से लेकर अब तक कुल 74 लोगों की मौत



हुई और 43 घायल हुए हैं। साथ ही 19 लोग लापता हैं। लापता लोगों को खोजने के लिए सर्च अभियान जारी है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान में आज (गुरुवार) को आठ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में 18 अगस्त के लिए उत्तरकाशी टिहरी गढ़वाल, देहरादून,पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल,उधम सिंह नगर के लिए गरज चमक के साथ कहीं-कहीं भारी बारिश के तीव्र से अति तीव्र दौर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 21 अगस्त तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया।

राज्य आपदा प्रचलन केंद्र के मुताबिक उत्तरकाशी जिले में ऋषिकेश यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 54) हनुमान चट्टी और प्रदेश में 13 राज्य मार्ग, पिथौरागढ़ जिले में 03 बॉर्डर सहित कुल 231 सड़कें बाधित हैं। अवरुद्ध मार्गों को संबंधित विभाग की ओर से खोलने का कार्य जारी है।

# बारिश से राम झूला पुल का पुस्ता ढहा, प्रशासन ने पुल पर रोकी आवाजाही

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भारी बारिश के कारण जनपद टिहरी और पौड़ी को जोड़ने के साथ देश विदेश से आने वाले करोड़ों पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने मुनि की रेती स्थित राम झूला पुल के नीचे का पुस्ता बह जाने के कारण पर्यटकों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि गंगा के उफान पर आने की वजह से इस पुस्ते को नुकसान हुआ है। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम के निर्देश पर राम झूला पुल पर पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गई है। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर पर्यटकों को राम झूला पुल पर जाने से रोकना शुरू कर दिया है।



नरेंद्र नगर के एसडीएम देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। भारी बारिश की वजह से राम झूला पुल के नीचे का पुस्ता बह गया है। पीडब्ल्यूडीकी एक टीम निरीक्षण करने के लिए राम झूला भेजी गई है। इंजीनियरों की टीम निरीक्षण करने के बाद जो रिपोर्ट सौंपी जाएगी उसके आधार पर राम झूला पुल पर आवाजाही को लेकर निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल उच्च अधिकारियों को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

पुलिस को पर्यटकों को रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसएसआई गोपाल दत्त भट्ट ने बताया कि निदेशों के आधार पर राम झूला पुल पर बैरिकेडिंग लगा दी गई है। पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई है, जिससे कि पर्यटक राम झूला पुल पर आवाजाही ना कर सके। लक्ष्मण झूला थाना पुलिस को भी इस संबंध में सूचना दे दी गई है।

गौरतलब है कि राम झूला पुल पर आवाजाही रोके जाने से पर्यटकों में अब मायूसी देखने को मिल रही है। जानकी झूला पुल पर पर्यटकों की आवाजाही अब और ज्यादा तेज हो गई है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के निरीक्षण के बाद कम संख्या में लोगों को पैदल राम झूला से भेजा जा रहा है,लेकिन दुपहिया वाहनों के लिए आवाजाही रोक दी गई है, दुपहिया वाहन जानकी सेतु से आवाजाही कर रहे हैं।

**उत्तर प्रदेश का था सबसे लंबा झूला पुल-**
राम झूला पुल का निर्माण 07 मार्च 1985 से आरंभ हुआ था जो 05 अप्रैल 1986 को पूरा हो पाया। तत्कालीन उत्तर प्रदेश राज्य में 1.02 करोड़ की लागत से बना यह पुल उस समय राज्य का सबसे लंबा झूला पुल था। पुल का निर्माण उत्तर प्रदेश शासकीय निर्माण विभाग की ओर से कराया गया था।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 12.09.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 129-DRM-MB-23-24 17.08.2023 | 130-DRM-MB-23-24 17.08.2023 | 131-DRM-MB-23-24 17.08.2023 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of 5 Km. RCC boundary wall at vulnerable / heavy trespassing location in NBD-SRE section under ADEN/RK. | Construction of 5 nos. type - IV quarter for newly created post of ADEN/HW, ASC/HW, ADME/HW, Station Director/HW and ADSTE/HW under ADEN/HW. | Through bridge channel sleeper renewal by H-Beam sleeper 1163 nos. (Br. No. 1251 DN - 101 Nos, 1254 DN - 64 Nos, 1255 DN - 63 Nos, 1258 DN - 137 Nos, 1258 UP - 137 Nos and 1259 UP - 661 Nos) in the section of ADEN/RK under DEN-I/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 12.09.2023, 16:00 hrs. | 12.09.2023, 16:00 hrs. | 12.09.2023, 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 3,42,94,275.46 | 1,80,45,705.91 | 3,00,24,946.91 |
| धरोहर राशि (रु.) | 3,21,500.00 | 2,40,200.00 | 3,45,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 29.08.2023 | 29.08.2023 | 29.08.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 माह | 18 माह | 9 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 17.08.2023 2345/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिशा की बैठक में सांसद तीरथ सिंह रावत ने दिया योजनाओं को गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ाने पर जोर

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
गढ़वाल सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने गुरुवार चमोली जिला मुख्यालय, गोपेश्वर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेते हुए केंद्र पोषित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों को आपसी सामंजस्य बनाकर गुणवत्ता के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने पर जोर दिया।



सांसद तीरथ ने केन्द्र पोषित योजनाओं के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास, पीएमजीएसवाई सड़क, जल जीवन मिशन, दीन दयाल ग्राम ज्योति, पीएम फसल बीमा, स्वच्छ भारत मिशन, सर्व शिक्षा, सामाजिक पेंशन आदि योजनाओं की समीक्षा की। जिले में केन्द्र पोषित योजनाओं की अच्छी प्रगति और आजीविका संवर्धन गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर पर जनपद चमोली को स्कॉच अवार्ड मिलने पर उन्होंने प्रशासन की टीम को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण मानकों के अनुरूप किया जाए। सड़क कटिंग मलबे का डम्पिंग जोन में ही निस्तारण करें। सड़कों पर पानी निकासी के लिए स्कवर, नालियां अवश्य बनायी जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि के अनुरूप आवासों का निर्माण कार्य किए जाए। जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए सांसद ने द्वितीय फेस के कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण के तहत विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ नियमित रूप से सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाए। बैठक में समिति के सदस्यों के महत्वपूर्ण सुझाव पर भी तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

सांसद ने कहा कि बरसात के कारण जनपद में जगह-जगह भारी नुकसान हुआ है। आपदा के समय लोगों तक राहत पहुंचाना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के कारण अवरुद्ध सड़कों पर अतिरिक्त मशीनें लगाते हुए शीघ्र आवाजाही सुचारु की जाए। विद्युत के खराब पोल एवं झूलती तारों को बदला जाए।

क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को ठीक किया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में क्षति का आंकलन किया जाए। वन, सिंचाई एवं राजस्व विभाग को आपदा प्रभावित क्षेत्रों संयुक्त निरीक्षण करते हुए नदी नालों में प्रोटेक्शन वर्क के लिए आपदा न्यूनीकरण में प्रस्ताव देने की बात कही। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जिले में संचालित केन्द्र पोषित योजनाओं की प्रगति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अगस्त माह तक 466822 मानव दिवस सृजित कर लिए गए है।

# इनर व्हील क्लब ने शिशु मंदिर के 280 बच्चों को वितरित किए टिफिन बॉक्स

**आजादी**

▶▶इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देश की आजादी पर भाषण भी दिया।



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
इनर व्हील क्लब ऋषिकेश ने रेलवे रोड स्थित, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के 280 बच्चों को टिफिन बॉक्स, बिस्कुट और चिप्स वितरित किए।
इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देश की आजादी पर भाषण भी दिया। क्लब सदस्यों ने छात्र -छात्राओं को आजादी का महत्व समझाते हुए "मेरी माटी मेरा देश" के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई गयी। क्लब की अध्यक्षा सीमा अग्रवाल ने भी निकट भविष्य में स्कूल को मदद करने का वादा किया।
स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता रयाल ने इस बार के स्वतंत्रा दिवस की थीम" राष्ट्र पहले, हमेशा पहले" के बारे में बच्चों को जानकारी दी। स्कूल के बोर्ड मेंबर्स लोकेश मखीजा, कमल डंग, रोटरी अध्यक्ष संजय अग्रवाल,हितेश पंवार भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। बच्चों के चेहरे पर खुशी भरी मुस्कान देखना भी एक अनमोल क्षण था।
क्लब की सदस्य सुलोचना ,अंजू अग्रवाल,डॉक्टर ऋतु प्रसाद,मानवी,वीणा शर्मा,डॉक्टर सीमा सक्सेना,रेखा गर्ग,पूनम वर्मा,संगीता ,बिंदिया और नूतन अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान का संदेश

**देहरादून।** "आज हमारे देश के स्वतंत्रता दिवस पर, आइए उन सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करें, जिन्होंने एक स्वतंत्र और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। आज, दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में, हम पुनरुत्थानवादी भारत की भावनाओं को प्रतिध्वनित करते हुए परिवर्तन, वृद्धि और विकास के शिखर पर खड़े हैं। एनएसई ने हमेशा से ही अपना ध्यान पूंजी बाजार निर्माण, राष्ट्र निर्माण और रोजगार सृजन पर केंद्रित किया है और निवेशकों को सशक्त बनाने के हमारे निरंतर प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

### भारत में सबसे ज्यादा पुरस्कार प्राप्त करने वाली युवा प्राइवेट यूनिवर्सिटी बनी शूलिनी यूनिवर्सिटी

**देहरादून।** हिमाचल प्रदेश की शूलिनी यूनिवर्सिटी भारत की प्रमुख अनुसंधान आधारित युवा निजी यूनिवर्सिटी अब भारत में सबसे ज्यादा पुरस्कार प्राप्त करने वाली निजी यूनिवर्सिटी बन गई है इस यूनिवर्सिटी ने विश्व स्तर पर और राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करी है अच्छी क्वालिटी की शिक्षा शुरू की है और अभूतपूर्व अनुसंधान को बढ़ावा भी दिया है शूलिनी को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 ने संयुक्त रूप से भारत में नंबर 1 प्राईवेट यूनिवर्सिटी के रूप में स्थान दिया है। इतना ही नहीं शूलिनी को और भी कई पुरस्कारों से नवाजा गया है यह क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 द्वारा प्रति पेपर साइटेशन के लिए भारत की सबसे बेहतरीन प्राइवेट यूनिवर्सिटी मानी जाती है। इम्पैक्ट रैंकिंग 2023 में इस युनिवर्सिटी ने पूरी दुनिया की शीर्ष 200 युनिवर्सिटीज में अपना स्थान हासिल किया और भारत में रु2 के पायदान पर रही। यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने शूलिनी यूनिवर्सिटी को वैश्विक स्तर पर 91 और भारत में 3 स्थान दिया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इसकी स्थिति और भी मजबूत हो गई है। शूलिनी यूनिवर्सिटी के फाउंडर और चांसलर, प्रोफेसर पीके खोसला ने कहा कि शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर होने के नाते मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हमनें पिछले 3 सालों में बड़ी सफलतापूर्वक देश की निजी यूनीवर्सिटीज में शीर्ष स्थान पर अपना परचम लहराया है। एक शोध-केंद्रित संस्थान स्थापित करने के दृढ़ दृष्टिकोण के साथ हमने अपनी शुरूआत करी थी और अब हमारे लिए यह एक मील का पत्थर साबित हुई है। यूनिवर्सिटी को लेकर अपने भविष्य के नजरिए को बताते हुए उन्होंने कहा कि हम आने वाले पांच सालों में दुनिया भर के शीर्ष 200 यूनिवर्सिटीज में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं, और अगले दशक में दुनिया के शीर्ष 10 यूनिवर्सिटीज में अपनी जगह पक्की करना चाहते है। एक अस्सी वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति के रूप में, मैं अपने जीवनकाल में इस निराली उपलब्धि को देखने के लिए पूरे जोश के साथ यहां मौजूद हूं। विदेश मंत्रालय (भारत सरकार) के पूर्व सचिव और शूलिनी यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के मुख्य सलाहकार, संजीव अरोड़ा ने कहा शूलिनी यूनिवर्सिटी की अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्रतिभा का पोषण करने और अत्याधुनिक शोध को बढ़ावा देने की संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती हैं। मैं शोध और इनोवेशन पर केंद्रित रहने के लिए इसकी सराहना करता हूँ।

### एचडीएफसी बैंक ने महा-मेट्रो के साथ वन पुणे कार्ड लॉन्च किया

**देहरादून। भारत** के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना के लिए महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएएचए-मेट्रो) के सहयोग से वन पुणे संपर्क रहित प्री-पेड कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की । वन नेशन वन कार्ड पहल के तहत आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (महा) द्वारा, वन पुणे कार्ड न केवल मेट्रो स्टेशनों पर निर्बाध डिजिटल भुगतान सक्षम करेगा, बल्कि खुदरा खरीदारी और खरीदारी भी सक्षम करेगा। ई-गवर्नेंस पहल के अनुरूप, बैंक यात्रियों को एक सहज, डिजिटल टिकटिंग अनुभव प्रदान करेगा जिसे मोबाइल ऐप, समर्पित ग्राहक पोर्टल और व्हाट्सएप जैसे कई डिजिटल टचप्वाइंट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। वन पुणे कार्ड मेट्रो स्टेशनों पर टिकटों के लिए कतार में लगने की आवश्यकता को समाप्त करके पुणे के नागरिकों के यात्रा अनुभव को सुव्यवस्थित करेगा। वन पुणे प्री-पेड कार्ड का अनावरण केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और पुणे के संरक्षक चंद्रकांत पाटिल द्वारा किया गया। .मंत्री लॉन्च समारोह के दौरान महा-मेट्रो के प्रबंध निदेशक श्रवण हार्डिकर भी उपस्थित थे। पराग राव, कंट्री हेड - पेमेंट बिजनेस, कंज्यूमर फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और डिजिटल बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि एचडीएफसी बैंक को वन पुणे कार्ड लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है, जो एक सहज यात्रा अनुभव प्रदान करेगा।

# कल्याण ज्वेलर्स ने की देहरादून में दूसरे शोरूम के लॉन्च की घोषणा

**देहरादून।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वेलर्स ने आज घोषणा की कि वह उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में राजपुर रोड पर अपने नए शोरूम के लॉन्च के साथ राज्य में अपनी उपस्थिति का विस्तार करेगी।
बॉलीवुड अभिनेता हृतिक रोशन, 20 अगस्त (रविवार) को एक नए शोरूम का उद्घाटन करेंगे। उत्तराखंड में, कंपनी का यह चौथा शोरूम होगा, जबकि वैश्विक स्तर पर 199वां शोरूम होगा।
फिलहाल, कंपनी की, इस राज्य के सभी प्रमुख बाजारों- देहरादून, हल्द्वानी और हरिद्वार में मौजूदगी है।

# राज्य में हो रही लगातार बारिश से सुसवा नदी का पुल क्षतिग्रस्त

**आवाजाही बाधित**

▶▶लोनिवि ने इस पुल से भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी है और वहां पर सूचना भी लगा दी गयी है।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य में हो रही लगातार बारिश से पुल, पुलियों और सड़कों का टूटना लगातार जारी है। इस क्रम में अब सुसवा नदी पर बना बुल्लावाला पुल पर भी दरारें आ गयी हैं। इस पर लोनिवि ने इस पुल से भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी है और वहां पर सूचना भी लगा दी गयी है। पुल को मजबूत करने की कवायद की जा रही है।




सुसवा नदी पर बना यह पुल पानी के तेज बहाव के चलते भारी कटाव के बाद अब हवा में दिखाई दे रहा है। पुल की एप्रोच रोड और पुल के बीच में दरारें भी आ गई हैं। पुल में दरारें आने के बावजूद इस पर भारी वाहनों का संचालन किया जा रहा था। इसके बाद अब लोनिवि की ओर से इस पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और सूचना भी लगा दी गई है। पुल को मजबूत करने का काम शुरू कर दिया गया है।
बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात्रि और बुधवार को पुल के नीचे खोखली हो चुकी नींव के नीचे जेसीबी के माध्यम से आरबीएम को भरने के बाद मिक्सर मसाला लगाया गया, जिससे कि पुल नीचे की ओर न बैठे और पुल की सुरक्षा हो सके। यदि कुछ दिनों के भीतर इस नदी में फिर तेज गति से पानी आता है तो पुल को पूरी तरह से खतरा बना हुआ है। इसको लेकर लोनिवि के अधिकारी भी सतर्क नजर आ रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता ओपी चन्द्रा ने बताया कि पुल की सुरक्षा के लिए कार्य को तेज कर दिया गया है। साथ ही भारी वाहनों का भी प्रवेश पुल पर पूरी तरह वर्जित कर दिया गया है।

# पुलिस एक बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**कार्रवाई**

▶▶पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल थाना क्षेत्र से चार दिन पहले चोरी हुई बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस एक बाइक चोर को भी गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
बीती 12 जुलाई को भीमगोड़ा नई बस्ती शिवगढ़ खड़खड़ी निवासी गौरव ने अपने भाई की बाइक चोरी होने के संबंध में कनखल थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नहर पटरी रेगुलेटर पुल ज्वालापुर से आरोपित को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अजय कुमार पुत्र हुकम सिंह निवासी बैरागी कैम्प थाना कनखल जनपद हरिद्वार बताया।



# नैखरी कैंपस को डीएम ने हस्तांतरित की भूमि

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी के अथक प्रयासों से श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के नैखरी कैंपस के लिए गुरुवार का दिन उपलब्धियों भरा रहा। नैखरी कैंपस को भवन और भूमि मिलने के साथ ही कैंपस में संचालित होटल मैनेजमेंट कोर्स को सम्बद्धता भी मिली है।
डीएम मयूर दीक्षित ने आज विधायक कंडारी की मौजूदगी में जिला सभागार में देवप्रयाग विधानसभा की समस्याओं के लिए आहूत बैठक में कैंपस के लिए 100 नाली राजस्व भूमि हस्ताक्षर कर हस्तांतरित की। इसके साथ ही कैंपस में अवस्थित डिग्री कालेज भवन को कैंपस के स्थानांतरित कर दिया गया है।

# माता पिता की अवहेलना करने वाले ढोंगी और पाखंडी : आचार्य ममगांई

**सदविचार**

▶▶यह सद विचार ममगाई ने जोगीवाला बद्रीपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में व्यक्त किए



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
माता-पिता को प्रत्यक्ष देवता बताते हुए शिव प्रसाद ममगांई ने कहा कि जो मां बाप की अवहेलना कर उनका अपमान करके भी भक्ति का ढोंग रचते हैं, वे पाखंडी हैं। यह सद विचार ज्योतिषपीठ व्यास आचार्य शिव प्रसाद ममगाईं ने जोगीवाला बद्रीपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में व्यक्त किए। आचार्य ने श्री राम की पूजा भक्ति का अधिकारी वही है जो माता पिता की आज्ञा का पालन करता है। उनकी सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने स्वयं माता-पिता की आज्ञा मात्र से न्याय-अन्याय का विचार किये बिना राजपाठ त्याग कर वन गमन किया था। अतः उनसे मातृ-पितृ भक्ति, भाइयों के प्रति उत्कृष्ट प्रेम की प्रेरणा लेकर ही उनकी भक्ति की जा सकती है।
उन्होंने कहा कि पुण्डरीक माता-पिता की सेवा कर रहे थे। द्वारिकाधीश उन्हें दर्शन देने आ पहुंचे। पुण्डरीक ने अंदर से कहलवाया प्रभु अभी मैं माता-पिता की सेवा कर रहा हूं, आप प्रतीक्षा करें। उनकी सेवा समाप्त होते ही आपकी सेवा में आऊंगा। द्वारिकाधीश ईंट पर खड़े होकर प्रतीक्षा करते रहे, यह था मातृ-पितृ सेवा का अनुपम उदाहरण।
कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान कृष्ण जन्म के प्राकट्य के प्रसंगों को श्रवण करते हुए दिव्य झांकी के साथ भगवान बाल गोविंद के दर्शन भक्तों को प्राप्त हुए। नन्द के आनंद भयो आदि भजनों पर झूमते हुए श्रोता माखन मिश्री के प्रसाद को पाकर आनन्दित हुए।
इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. शैलेंद्र ममगाईं, डोईवाला के विधायक ब्रजभूषण गैरोला, भाजपा के उमेश पुंडीर, जखोली क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रदीप थपलियाल, प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश सेमवाल, कुसुम सेमवाल, चारधाम हक हुकूक के महामंत्री हरीश डिमरी, आचार्य हिमांशु मैठाणी, आचार्य सूरज पाठक, सुरेश जोशी आदि भक्त गण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर कर्मियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
कोषागार संगठन की ओर से अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कोषागार कर्मियों ने बांह पर काली पट्टी बांध कर विरोध किया।
कोषागार संगठन के जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह गडिया, जिला मंत्री देवेंद्र गौड़, प्रियंका वर्मा आदि का कहना है कि उनकी प्रांतीय कार्यकारिणी की ओर से अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें कहा गया था कि यदि उनकी मांग पर 16 अगस्त तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो आंदोलन के पहले चरण में बांह पर काली पट्टी बांध कर विरोध किया जाएगा। कोई भी कर्मी किसी दूसरे कर्मी के कोड पर कार्य नहीं करेगा।
इसी कड़ी गुरुवार से आंदोलन का प्रथम चरण शुरू कर दिया गया है। यदि इसके बाद भी उनकी मांग पर गौर नहीं किया जाता है तो प्रांतीय कार्यकारिणी के दिशा निर्देश पर आंदोलन का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह गडिया, जिला मंत्री देवेंद्र गौड़, प्रियंका वर्मा, विनोद कुमार, ममता, हिम्मत सिंह, महादीप नैनवाल, सुनील नेगी, परमेंद्र रौथाण मौजूद थे।



# डॉ. धीमान लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के सूचना वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार धीमान को उनके लाइब्रेरी साइंस में किये कार्यों को देखते हुए डॉ. रंगनाथन के जन्मदिवस पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश लाइब्रेरी एसोसिएशन ने 2023 का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया है।
डॉ. धीमान गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में सूचना वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने चार विषयों वनस्पति विज्ञान, राजनीति शास्त्र, पुस्तकालय विज्ञान तथा कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर डिग्री, आईटी व एचआर में एमबीए, बीएड व दो विषयों वनस्पति विज्ञान व पुस्तकालय विज्ञान में पीएचडी प्राप्त की हुई है।



डॉ. धीमान ने अब तक 33 पुस्तकों व 300 से भी अधिक शोधपत्रों, लेखों का प्रकाशन किया जा चुका है। इनके द्वारा 85 से अधिक कांफ्रेंस, सेमिनारों में पत्रवाचन भी किया जा चुका है। इनके निर्देशन में अब तक 22 विद्यार्थियों को एमफिल की उपाधि और 14 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदत्त की जा चुकी है। इससे पूर्व भी डॉ. धीमान को विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुस्तकालय के क्षेत्र में किए गए योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

# वित्त वर्ष 24 की मजबूत शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
भारत के अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवेल टेक्नो लॉजी प्लैटफॉर्म, ईजमायट्रिपडॉटकॉम ने पहली तिमाही के शानदार नतीजों की घोषणा के साथ वित्त वर्ष 24 की मजबूत शुरूआत की है। कंपनी ने स्थाायी वृद्धि की अपनी उल्लेखनीय यात्रा को जारी रखा है, जैसा कि इसने वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में शानदार 42.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 2,371 करोड़ रुपये का अभी तक का उच्चतम तिमाही जीबीआर दर्ज किया। यह तिमाही एक महत्वपूर्ण अवसर भी है, क्योंकि कंपनी ने इसी तिमाही में अपनी 15वीं वर्षगाँठ मनाई।
पिछले 15 वर्षों में यह धीरे-धीरे लेकिन लगातार बढ़ते हुए ओटीए उद्योग में अग्रणी कंपनी बन गई है। पूरी तिमाही के दौरान कंपनी ने अपना ध्यान लगातार ग्राहक केन्द्रीयता और रणनैतिक ब्रैंड निर्माण पद्धतियों पर केन्द्रित रखा है। इसने अनेक पहल आरम्भ की जिनसे इसके ग्राहकों को यात्रा के सबसे बढ़िया सौदे प्राप्त हुए।
कंपनी की 15वीं वर्षगाँठ के लिए इसके मेगा सेल और अभिनव ब्रैंड बाजार से इसे अपने प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में ग्राहकों को आकर्षित करने की शक्ति मिली। अपनी विस्तार की रणनीति के अनुरूप, कंपनी ने पहली बार ऑनलाइन फ्रैंचाइजी मॉडल अपनाया और सूरत, जयपुर, पटियाला, तथा लुधियाना में नए फ्रैंचाइजी स्टोर्स खोलकर अपनी घरेलू मौजूदगी बढ़ाई। इस विस्तार से न केवल ब्रैंड की उपस्थिति बढ़ी है, बल्कि ग्राहकों का अनुभव भी बेहतर हुआ है, जो उत्कृष्टता के प्रदर्शन के प्रति कंपनी के निरंतर समर्पण का प्रमाण है।
कंपनी के उपरोक्त सभी ग्राहक-प्रथम प्रयासों के फलस्वरूप इसने 42.6 प्रतिशत वार्षिक की तिमाही जीबीआर वृद्धि दर्ज की और इसकी जीबीआर (वैश्विक बजटीय आमदनी) की राशि वित्त वर्ष 23 की पहली तिमाही के 1,663.10 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में 2,371.0 करोड़ रुपये पर पहुँच गई।

# संपादकीय

## चीन को कूटनीतिक तरीके से सबक सिखाना होगा!

**भारत** और चीन के बीच सीमा पर तनाव बना हुआ है। भारत और चीन के बीच हुई 19 वीं दौर की वार्ता के बावजूद दोनों के बीच सीमा विवाद का कोई समुचित हल नहीं निकल सका है। पिछले कुछ वर्षों में भारत और चीन के रिश्ते खराब रहे हैं। भारत की सीमा में चीनी सैनिकों की घुसपैठ बढ़ने से दोनों देशों के बीच सीमा पर कई इलाकों में विवाद कायम है। वहीं, चीन ने जी-20 के लेटर हेड में प्रयोग होने वाले संस्कृत के श्लोक वसुधैव कुटुम्बकम पर आपत्ति जताई है। हाल ही में भारत-चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 19 वें दौर की बैठक चुशुलमोल्डो में आयोजित की गई। वार्ता शांतिपूर्ण रही। भारत ने बैठक में देपसांग और डेमचोक समेत अन्य स्थानों से चीनी सैनिकों की वापसी की बात जोरदार तरीके से रखी लेकिन चीन टस से मस नहीं हुआ और समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। लेकिन भारत और चीन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच तनाव बढ़ रहा है। भारत के नेतृत्व में शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) की बैठक के बाद से ही चीन की तल्खी तेज हो रहा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच विवाद का प्रमुख कारण दोनों देशों के बीच 3440 किलोमीटर लंबी सीमा है। यह सीमा तीन सेक्टरों में बंटी हुई है। इनमें पूर्वी सेक्टर, पश्चिमी सेक्टर और मध्य सेक्टर शामिल हैं। भारत के पांच राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश, चीन के साथ सीमा लगी हुई है। चीन पश्चिमी सेक्टर में जम्मू-कश्मीर, शिनजियांग और अक्साई चिन की सीमा वाला इलाके को विवादित कहता रहा है। सीमा को लेकर दोनों देशों के बीच समय-समय पर झड़पें होती रही हैं। चीन अपनी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति के चलते लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का उल्लंघन करते हुए भारत की सीमा में प्रायः घुसपैठ करता रहा है। गौरतलब है कि भारत-चीन के बीच सीमा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्ष अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश की थी। हालांकि भारत के जांबाज सैनिकों ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया था। लेकिन यह बात सच है कि चीन तवांग, डोकलाम, गलवान अथवा लद्दाख में अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। उसे जैसे ही मौका मिलता है, घुसपैठ की हरकत शुरू कर देता है। ध्यातव्य है कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हो चुका है। इस युद्ध में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जब चीनी सैनिकों ने तवांग जिले में घुसने की कोशिश की, भारतीय सेना ने उसे नाकाम कर दिया था। इसके पहले भी गलवान घाटी में चीन को मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन यह सच है कि भारत और चीन सीमा पर स्थितियां हर साल बिगड़ती जा रही हैं। यही कारण है कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव बना रहता है। सीमा में युद्ध जैसे हालात बने रहते हैं। आज अगर हम दोनों देशों के सैन्य बल की तुलना करें तो दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। संख्या और संसाधनों के लिहाज से चीन की सेना भारी पड़ सकती है परंतु अगर सेना के मनोबल और शक्ति की बात की जाए तो भारत का पलड़ा चीन से भारी है।

# लालकिले से उभरी विकसित भारत की तस्वीर



रोहित माहेश्वरी

> "स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधनों में, उन्होंने 2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद की स्थापना, 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जैसे महत्वपूर्ण ऐलान किए। गति शक्ति योजना और 75 वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की घोषणा भी लाल किले से हुई। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के संबंध में उद्योग जगत के अहम लोगों को मानना है कि, भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प अगले पांच वर्षों में आसानी से साकार हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जिन उपलब्धियों और लक्ष्यों का उल्लेख किया"

**आजादी** के शुभदिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में विकसित भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री के उद्बोधन का विरोधी दल भले ही कटु आलोचना करें। लेकिन एक आम भारतीय की नजर से देखें तो उसे प्रधानमंत्री के भाषण में एक विकसित भारत साफ तौर पर दिखाई देता है। और इसकी ठोस वजह है प्रधानमंत्री मोदी के पिछले नौ साल की उपलब्धियां और उनकी कार्यप्रणाली। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नये, विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में दिन-रात जुटे हुए हैं। ऐसे में आम भारतवासी उनके शब्दों और वायदों पर पूरा भरोसा करता है। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दो महत्त्वपूर्ण लक्ष्य तय किए और उनकी घोषणा की। एक, आजादी के 100 साल बाद 2047 में भारत विकसित राष्ट्र होगा। दूसरा, आगामी 5 साल में जो फैसले लिए जाएंगे और काम किए जाएंगे, उनका असर 1000 साल तक रहेगा। लक्ष्यों के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने देश की जनता से मदद मांगी और आशीर्वाद चाहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से विकास का रोडमैप भी बताया और ये भी कि अर्थव्यवस्था का तेज विकास किस तरह होगा। उन्होंने ने किसान से लेकर गरीब तक, महिलाओं से लेकर मणिपुर हिंसा तक, समय से पहले नए संसद भवन के निर्माण का भी उल्लेख किया और कहा कि ये नया भारत है। ये संकल्पों से भरा भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि आर्थिक शक्ति बढ़ी है तो हमारी सामरिक शक्ति को भी नई ताकत मिली है। उन्होंने सेना को युद्ध योग्य बनाने के लिए निरंतर रिफॉर्म का उल्लेख किया और बम धमाके की घटनाओं का जिक्र भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीरियल बम धमाके का जमाना बीती बात हो गई है। आतंकी घटनाओं में कमी आई है, परिवर्तन का वातावरण बना है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना लेकर चलने की बात कही और ये भी कहा कि हमें राष्ट्रीय चरित्र के लिए और बल देते हुए आगे बढ़ना होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक निर्णायक मोड़ पर है और इसमें कोविड महामारी के बाद उभर रही नयी विश्व व्यवस्था को आकार देने की ताकत है। उन्होंने देशवासियों को अगले पांच वर्षों में उज्ज्वल भविष्य के साथ नए भारत का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि कोविड के बाद देश और दुनिया में काफी बदलाव देखने को मिले हैं। प्रधानमंत्री के संबोधनों में राजनीतिक संदेश भी छिपे रहते हैं। हो सकता है कि इस बार के संबोधन में आगामी लोकसभा चुनाव की दिशा में कोई संकेत छिपा हो। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने पंच प्रण की घोषणा की थी। उन्होंने देशवासयिों से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने, आपसी मानसिकता के किसी भी संकेत को समाप्त करने, भारत की धरोहर पर गर्व करने, एकता की शक्ति को मजबूत करने और ईमानदारी के साथ नागरिक कर्तव्यों को पूरा करने की अपील की थी।

2014 में लाल किले की प्राचीर से पहले स्वतंत्रता दिवस के भाषण में उन्होंने स्वच्छ भारत और जन धन खातों जैसे कई नए कार्यक्रमों की घोषणा की। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 2018 में मोदी ने गरीबों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत शुरू की थी।

स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधनों में, उन्होंने 2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद की स्थापना, 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जैसे महत्वपूर्ण ऐलान किए। गति शक्ति योजना और 75 वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की घोषणा भी लाल किले से हुई। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के संबंध में उद्योग जगत के अहम लोगों को मानना है कि, भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प अगले पांच वर्षों में आसानी से साकार हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जिन उपलब्धियों और लक्ष्यों का उल्लेख किया, उसने वास्तव में अमृत काल में अग्रणी वैश्विक महाशक्ति के रूप में भारत के उदय के लिए सही पृष्ठभूमि तैयार की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत ने निश्चित रूप से समानता के साथ स्वच्छ ऊर्जा, वैश्विक शांति और समृद्धि जैसे कई परिवर्तनकारी क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व करने की पहल की है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवार-आधारित पार्टियों और तुष्टीकरण को भारत की राजनीतिक व्यवस्था, शासन और विकास को प्रभावित करने वाली तीन बुराइयां बताईं। उन्होंने भ्रष्टाचार जैसा मजबूत और वैध मुद्दा उठाया। यह असल में ऐसा कैंसर है जिसने हमारे राजनीतिक प्रतिष्ठान को खोखला किया है और शासन व्यवस्था को कमजोर किया है। हमारी तरक्की को भी प्रभावित किया है। यह भी सच है कि केंद्र सरकार में शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार कम हुआ है। इसका श्रेय मोदी को जाता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार व्यवस्था की जड़ों में मट्ठे का काम करता है और मजबूत से मजबूत इमारत को भी हिलाकर रख देता है। ऐसे में जब भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी तो देश के विकास को पंख लगना तय है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले नौ सालों में कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। सभी भारतीयों को इन उपलब्धियों पर गर्व महसूस करना चाहिए चंद्रयान, भारत में डिजिटल क्रांति, भारत की एनर्जी बास्केट में अक्षय ऊर्जा का तेजी से विस्तार, भारत के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, बैंकिंग क्षेत्र को समावेशी बनाना, जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व में विकास, महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान, वगैरह. इसमें कोई शक नहीं है कि इसका श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। तस्वीर साफ है कि जीवन के हर क्षेत्र में देष तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से घोषणा की है कि वह 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाएंगे और ग्रामीण स्व सहायता समूहों को ताकतवर बनाएंगे। यह तो किसी भी विकसित राष्ट्र की बुनियाद है, जिसे अभी बनाने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा योजना की भी घोषणा की है। जो शिल्पकार, मिस्त्री, स्वर्णकार आदि हाथ और औजार से काम करते हैं, उनकी मदद इस योजना के तहत की जाएगी। बेशक 2047 का लक्ष्य भी सपनीला लगता है, क्योंकि विश्व बैंक ने भारत को फिलहाल निम्न मध्यम आय वाली श्रेणी में रखा है, क्योंकि हमारी प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय वैश्विक स्तर पर बहुत कम है। विकसित राष्ट्र बनने के मायने ये हैं कि प्रत्येक व्यक्ति, नागरिक को आर्थिक अवसर जरूर मिलने चाहिए। यकीनन हमारी 30 साल की उम्र से कम वाली आबादी विश्व में सर्वाधिक है। वह हमारी ताकत भी है। वह ताकत विकसित अर्थव्यवस्था तब पैदा कर सकती है, जब बेरोजगारी के मुद्दे को गंभीरता से संबोधित किया जाए। भारत में बेरोजगारी एक चिंतित सरोकार है और इसकी राष्ट्रीय दर करीब 8 फीसदी है। रोजगार के मोर्चे पर और गंभीरता से काम करने की जरूरत लंबे समय से महसूस होती है।

विपक्ष की आलोचना और निंदा के बावजूद प्रधानमंत्री का लाल किले से बोला गया एक-एक शब्द करोड़ों देशवासियों के भीतर एक नयी ऊर्जा, उमंग और तरंग का संचार करता है। और अगर देशवासी विकास की दिशा में सरकार का सहयोग दें और सही दिशा में कदम बढ़ा दें तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है। और देश के वर्तमान वातावरण से ऐसा आभास होता है कि देश ने आगे बढ़ने का संकल्प मन ही मन ले लिया है और देशवासी उस दिशा में पूरी मजबूती से आगे बढ़ चुके हैं।



# कविता

उन के बिन गर्दिशे रोजो शब
देखिए
मुझ पे ढाती है क्या क्या गजब देखिए

मैं ने जो माँगा उस ने अता कर दिया
महबाँ मुझ पे है कितना रब देखिए

हुस्न में क्या बला का है आया निखार
उस को आ कर जरा आप अब देखिए

सुर्ख रुखसार होते हैं क्या दीदा जेब
जब वो गुस्से में हो उस को तब देखिए

ऐसे कैसे भला मान जाएगा वो
उस की नाराजगी का सबब देखिए

मर के भी जिन्दा हैं गालिब, इकबाल, मीर
ये है मेयारे इल्मो- अदब देखिए

क्या वो खुशियों का तावीज है पा गया
हँसता ही रहता है उस को जब देखिए

तब चले गा पता कितने फय्याज हैं
उन से कुछ आप कर के तलब देखिए

जकी तारिक

## सौंदर्य और प्रेम का उत्सव है हरियाली तीज

**प्रियंका सौरभ**

**हरियाली** तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। मुख्यतः यह स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकडकर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पड? वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्त्व होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था।

परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं।

# विचार

## लालकिले की प्राचीर से लोकसभा चुनावों का शंखनाद

**मृत्युंजय दीक्षित**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को लाल किले की प्राचीर से से देश को लगातार दसवीं बार संबोधित किया।इस अवसर का लाभ उठाते हुए जहां उन्होंने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं वहीं अपनी गारंटी देते हुए यह भविष्यवाणी भी कर दी कि 2024 की 15 अगस्त को देश की उपलब्धियां बताने के लिए वो ही फिर से आएंगे। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि देश के प्रधानमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनावों के पूर्व ही यह भविष्यवाणी कर दी कि अगली बार मैं ही देश की उपलब्धियां बताने के लिए आऊंगा। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री के इस दावे से भाजपा विरोधी ताकतों को सिर दर्द होने लगा और उनकी हताशा भरी प्रतिक्रियाएं आनी प्रारंभ हो गयीं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के आरम्भ में ही मणिपुर की हिंसा सहित हिमांचल और उत्तराखंड आदि राज्यों में बाढ़ के हालात का उल्लेख किया। अपनी सरकार के कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और साथ ही अगले 25 वर्षों की योजना भी बता दी। प्रधानमंत्री जी ने गारंटी के साथ अपने अगले कार्यकाल में भारत को विश्व तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवथा बनाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का समय बहुत ही महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक है क्योंकि इस समय जो भी निर्णय लिए जाएंगे उनका असर आगामी 1000 वर्षों तक दिखाई पड़ेगा। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के रोडमैप वाला ये उद्बोधन उत्साहवर्धक और प्रभावी रहा । प्रधानमंत्री लाल किले से एक बार फिर यह स्थापित करने में सफल रहे कि आज देश में जो सरकार है वह सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से भारत की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ते हुए वर्तमान भारत के उदय का वर्णन किया। उन्होंने भारत के आर्थिक पुनरुत्थान ने समग्र वैश्विक स्थिरता और रेजिलिएंट सप्लाई चेन के रूप में जो काम किया है उसका भी उल्लेख किया। उन्होंने अपने विगत 9 वर्षों के कार्यकाल में किए गये सुधारों और पहलों की भी चर्चा की । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का जो उत्तर दिया लालकिले का यह संबोधन उसी का विस्तार था। इस संबोधन से प्रधानमंत्री आगामी लोकसभा चुनावों के पूर्व विरोधी दलों द्वारा बनाये जा रहे महागठबंधन पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने पर सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि भारत के अमृतकाल के कालखंड में हम जितना त्याग करेंगे तपस्या करेंगे आने वाले एक हजार साल का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है। उनका कहना था कि आज मां भारती जागृत हो चुकी हैं और विश्व भर में भारत के प्रति एक नई आशा, नया विश्वास पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में नौजवानों के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है आप जितने अवसर चाहेंगे ये देश आसमान से भी ज्यादा अवसर देने का सामर्थ्य रखता है। देश के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आप ही का परिश्रम है कि आज देश कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति को संबोधित करते हुए ह्वीमन लेड डेवलपमेंटह्व का अपना संकल्‍ दोहराया और कहा कि उनका सपना गांवों में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। उन्होंने गांवों में काम कर रही महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने की भी बात कही। देशवासियों को गारंटी देते हुए प्रधानमंत्री ने घोषणा करी कि वह अगले 5 साल में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे। देशभर में 25 हजार जनऔषधि केंद्र खोलने तथा आगामी 17 सितंबर को 13 से 15 हजार करोड़ की नई विश्वकर्मा योजना के आरम्भ की घोषणा भी प्रधानमंत्री ने लालकिले से की। प्रधानमंत्री ने कहा हम जिन भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हैं, उनका लोकार्पण भी हम ही करते हैं। आजकल मैं जिन परियोजनाओं का शिलान्यास कर कर रहा हूँ उनका लोकार्पण भी आपने मेरे ही नसीब में छोड़ा हुआ है। महंगाई का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद यूक्रेन युद्ध ने नई मुसीबत पैदा की है आज पूरी दुनिया महंगाई के संकट से जूझ रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# कैरियर

## जनसंपर्क अधिकारी कैसे बनें

**विजय गर्ग**

**जनसंपर्क** अधिकारी जिसे आमतौर पर पीआरओ के नाम से जाना जाता है, हर संगठन में एक आम शब्द बन गया है चाहे वह वाणिज्यिक या गैर-व्यावसायिक, सरकारी या निजी औपचारिक या अनौपचारिक हो और वह भी अपनी स्थापना के बहुत ही कम समय में। हालाँकि यह विशेष कार्य अनादि काल से किया जा रहा है, अर्थात राजा और महाराजाओं के समय से या उससे भी पहले भगवान राम और भगवान कृष्ण के समय से, जब वे अपने दूतों को अन्य राज्यों में भेजते थे, जैसे अंगद को राम द्वारा रावण के पास भेजा गया था। बिना किसी लड़ाई आदि के सीता को रिहा करके शांति लाना। समय और हर चीज के भौतिकीकरण के साथ, वर्तमान समय के डूटा और पीआरओ की भूमिका काफी हद तक बदल गई है।

पीआरओ प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच स्पष्ट संचार नेटवर्क बनाए रखकर कंपनी में आंतरिक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं। इसका पहला उद्देश्य संचार के चैनलों में सुधार करना और सूचना और समझ के दो-तरफा प्रवाह को स्थापित करने के नए तरीके स्थापित करना है। एक करियर विकल्प के रूप में जनसंपर्क तब अस्तित्व में आया जब बहुत सी निजी या सरकारी कंपनियों और संस्थानों को अपने उत्पाद, सेवा और सुविधाओं के विपणन की आवश्यकता महसूस हुई। कड़ी प्रतिस्पर्धा और बेचने के लिए समान उत्पादों और सेवाओं के समय में, यह सार्वजनिक छवि है जो सभी संगठनों और प्रमुख हस्तियों के लिए महत्वपूर्ण हो गई है। जनसंपर्क विशेषज्ञ की भूमिका संकट की स्थितियों में प्रासंगिक हो जाती है जब सूचना का सही और समय पर प्रसारण संगठन का चेहरा बचाने में मदद कर सकता है।

कैरियर के अवसरों के संदर्भ में, उत्पाद प्रचार, कॉर्पोरेट प्रचार, सरकार के साथ बेहतर संबंध बनाने, समाचार पत्र, बुलेटिन, कर्मचारियों के लिए पत्रिकाएं आदि जैसे कॉर्पोरेट प्रकाशन प्रकाशित करने के लिए जनसंपर्क का व्यापक रूप से अभ्यास किया जाता है। अपने कर्तव्यों का अत्यंत कुशलता से निर्वहन करने के लिए एक पीआरओ को जनता को दी जाने वाली वर्तमान जानकारी से अपडेट रहना चाहिए।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हो शिक्षकों का विशेष ध्यान

**सुनील कुमार महला**

**आज** की शिक्षा पहले के जमाने की भांति टीचर्स सेंटर्ड नहीं है। आज की शिक्षा स्टूडेंट सेंटर्ड है। यानी कि स्टूडेंट आज की शिक्षा में सर्वोपरि है। पहले शिक्षा में टीचर्स सर्वोपरि हुआ करते थे। जैसा टीचर चाहते थे वैसा होता था लेकिन आज जैसा स्टूडेंट चाहते हैं वैसा शिक्षा में होता है। मतलब यह कि आज बच्चों को शिक्षा में अधिक महत्व दिया जाता है। दूसरे शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की मनोविज्ञान के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था की जाती है। इसका उद्देश्य अधिगम, जिसे लर्निंग या सीखना भी कहा जाता है, संबंधी विभिन्न कठिनाइयों को दूर करना है। इसमें सीखने की प्रक्रिया के केंद्र में बालक( स्टूडेंट या शिक्षार्थी)होता है। बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की शारीरिक और मानसिक योग्यता के विकास पर अध्ययन किया जाता है।आधुनिक शिक्षा शास्त्र के अनुसार शिक्षक बच्चे के सवार्गीण विकास का प्रयास करते हैं, लेकिन प्राचीन समय में बच्चे के मस्तिष्क में जानकारी या ज्ञान को भरा जाता था। दूसरे शब्दों में कहें तो अध्यापक केंद्रित कक्षा में शिक्षक निर्देश देते हैं और बच्चे सुनते हैं। बच्चों से अपेक्षा होती है कि वे शिक्षक की आज्ञा का पालन करेंगे और अनुशासन में रहेंगे। बहरहाल, आज की बाल केंद्रित शिक्षा के बीच ही दिल्ली के एक स्कूल का मामला हाल ही में प्रकाश में आया है। जानकारी देना चाहूंगा कि दिल्ली के एक स्कूल में महज दो किताबें न ला पाने की वजह एक छात्र की बुरी तरह पिटाई कर दी। क्या एक शिक्षक को मात्र इसलिए एक बच्चे की जमकर पिटाई कर देनी चाहिए कि वह स्कूल में किताबें नहीं ला पाया ? क्या शिक्षक का यह कर्तव्य नहीं बनता था कि वह बच्चे को इसके बारे में समझाते ? यह बहुत ही अफसोसनाक है कि शिक्षक ने बच्चे को बुरी तरह से पीटा। आज की शिक्षा बाल केंद्रित शिक्षा है और बाल केंद्रित शिक्षा बच्चों की समस्याओं पर ध्यान देती है। सरकार और माननीय अदालतों द्वारा समय समय पर इस संबंध में विभिन्न दिशा-निर्देश जारी करने के बाद में भी हमारे समाज में ऐसा हो रहा है, तो वाकई यह बहुत ही दुखद और अफसोसनाक है। क्या शिक्षकों को बच्चों के साथ अच्छे व्यवहार के साथ नहीं पेश आना चाहिए?

# उत्तराखंड : इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियां तेज

## उत्तराखंड में निवेश के लिए फ्रेंडली माहौल तैयार करने के रूप रेखा पर चर्चा हुई: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**धामी** सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देकर राज्य में विकास और रोजगार को धार देगी। आगामी दिसंबर माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक बैठक में इसकी रूप रेखा पर चर्चा की गई। इस बार सरकार राज्य में ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लिया गया है। सुभाष रोड स्थित एक होटल में आज ग्लोबल सलाहकार समूह की बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्यमंत्री के साथ उनके मंत्रिमंडल के सदस्य शासन के आला अधिकारी समेत राज्य के उद्योगपति भी शामिल हुए।
उत्तराखंड में निवेश के लिए फ्रेंडली माहौल तैयार करने के रूप रेखा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद पत्रकारों से बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आगामी दिसंबर माह में प्रस्तावित है। इस बार राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2018 में हुई इन्वेस्टर्स समिट से दोगुना निवेश पाने का है। इस समिट में ढाई लाख करोड़ के एमओयू के साथ-साथ हाईड्रो, ट्यूरिज्म, एजुकेशन,सोलर जैसे क्षेत्रों में निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही उत्तराखंड में बाहरी राज्यों और देश-विदेश से निवेश लाने के लिए रोड शो सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए शांत वातावरण। सरकार बेहतर काम और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।
मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। देश के विभिन्न शहरों में इन्वेस्टर्स सम्मिट के तहत रोड शो का आयोजन किया जाएगा।



## चौथे दिन बदरीनाथ हाइवे हुआ सुचारु

**आपदा प्रभावित**

**गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही**

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**
**उत्तराखंड** बदरीनाथ हाइवे को गुरुवार चौथे दिन सुचारु कर दिया गया है। पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में वॉश आउट हाइवे को सभी प्रकार के वाहनों के लिए सुचारु कर दिया गया है। हालांकि गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही है। पीपलकोटी में आपदाग्रस्त परिवारों के भोजन के लिए प्रशासन की ओर से नि:शुल्क कैंटीन की व्यवस्था भी की गई है। जिला आपदा परिचालन केंद्र और जिला सूचना कार्यालय के अनुसार बदरीनाथ हाइवे जो पिछले चार दिनों से पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में सौ मीटर के लगभग वॉश आउट होने से बाधित हो गया था, उसे आज सुचारु कर दिया गया है। साथ ग्रामीण क्षेत्रों की 48 लिंक मोटर मार्ग को खोलने के लिए भी संबंधित विभागों की ओर से कार्य किया जा रहा है। आपदा प्रभावित क्षेत्र कौंज पोथनी के खंडरा, काणा, बैनीधार, मवल्ठा के प्रभावितों को राहत सामग्री भी भेजी गई है, जिसका वितरण किया जा रहा है।
आपदा प्रभावित गांव किरूली, कौंजपोथनी, गरुड़ गंगा, पाखी, बिरही, थराली पैनगढ़ एवं पीपलकोटी बंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में राशन किट वितरण किया जा रहा है। चिकित्सकों की टीम प्रभावित गांवों में जाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर रही है। आज चिकित्सा टीमों ने दूरस्थ गांव किरूली, कौंज पोथनी और बिरही के आसपास प्रभावित गांवों का भ्रमण ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। थराली पैनगढ़ मार्ग पर प्राणमति में पैदल चलने के लिए लकड़ी का अस्थाई पुल बनाया गया है। एसडीएम और तहसीलदार की देखरेख में डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिलीफ फोर्स के जवान गाड-गदेरों पर वैकल्पिक मार्ग, अस्थायी पुलिया बनाने में जुटे है। तहसील प्रशासन के माध्यम से प्रभावित लोगों को अहैतुक सहायता धनराशि के चेक भी वितरित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पीपलकोटी बंड क्षेत्र में मजदूर लगाकर प्रभावित लोगों के घरों से मलबा साफ करवाया जा रहा है।

## फास्ट न्यूज

### 10 वर्ष पुराने आधार कार्डों को अपडेट करना जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**
जनपद में संचालित सभी 96 आधार पंजीकरण केंद्रों, ग्राम पंचायतों और वार्डों में संचालित 720 जन सेवा केंद्रों के माध्यम से शिविर लगाकर 10 वर्ष पुराने आधार कार्डों को अपडेट किया जायेगा। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने निर्देश जारी कर दिए हैं।
श्री द्विवेदी ने जनपद के आम जनमानस से अपील की है कि जिन लोगों के आधार कार्ड को 10 वर्ष हो गए हैं, वे अपना आधार कार्ड को अपने निकटतम जन सेवा केंद्र में जाकर अथवा पास के आधार पंजीकरण केंद्र में अपडेट करवा सकते हैं। ई-डिस्ट्रिक मैनेजर विकास शर्मा ने बताया कि इन केंद्रों के साथ ही आम जन घर से भी माई आधार डॉट यूआईडीएआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए 25 रुपये ऑनलाइन फीस देनी होगी, जबकि आधार पंजीकरण केंद्र अथवा जन सेवा केन्द्रों में आधार अपडेट करवाने को 50 रुपये फीस भारत सरकार से निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड बनवाते वक्त जिन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था, 10 साल पूर्ण होने के उपरान्त कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों को अपडेट कराना जरूरी है।

### झमाझम बारिश से चहुंओर जलभराव

**वाराणसी:** काशीपुराधिपति की नगरी में गुरुवार अपरान्ह में हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण जाम में चहुंओर जलभराव से जूझना पड़ा। नगर के कमच्छा गुरूबाग तिराहा, गोदौलिया नई सड़क मार्ग, मलदहिया तेलियाबाग रोड, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय तेलियाबाग रोड, चौकाघाट रेलवे पुल के नीचे, अंधरापुल, सिगरा रथयात्रा मार्ग, सिगरा थाने के समीप सहित शहर के निचले हिस्सों में जलभराव से लगे जाम में वाहनों की कतारें लगी रही। दोपहिया वाहन चालक, साइकिल सवार जाम और जलभराव के बीच बारिश से जूझते रहे। झमाझम बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। उमस और गर्मी से राहत दिलाने वाली बारिश से ग्रामीण अंचल में किसानों में खुशी देखी गई। सूख रहे खरीफ की फसल के लिए बारिश संजीवनी सरीखी बताई गई। गौरतलब हो कि वाराणसी सहित पूर्वांचल के जिलों में पिछले एक सप्ताह से लोग उमस धूप भरी गर्मी से बेहाल थे। आसमान में बादल उमड़-घुमड़ रहे थे, लेकिन बारिश न होने के कारण उमस बढ़ गई थी। आज दोपहर तीन बजे अचानक मौसम बदला और देखते ही देखते आसमान में बादल छा गये। बिजली की चमक के बीच बादल झमाझम बरसने लगे। बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया। स्कूलों से छुट्टी के बाद घर के लिए निकले बच्चे बारिश में भींगते और जमकर मस्ती करते दिखे।

### 'राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त'

**अजमेर:** भाजपा राजस्थान के आह्वान पर भाजपा शहर जिला अजमेर के निदेशानुसार महिला मोर्चा अजमेर इकाई ने जिला कलेक्ट्रेट पर मानव श्रंखला बना कर प्रदेश में बढ़ते महिला अपराध को लेकर प्रदर्शन किया गया और अतिरिक्त जिला कलेक्टर पारसमल से महिलाओं ने मिलकर मुख्यमंत्री को विषय की जानकारी दी।

## सभी अस्पताल मरीजों की देखभाल करें: ब्रजेश



**निर्देश**

**मरीजों को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: डिप्टी सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मरीजों को उच्च श्रेणी की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। मरीजों को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी अस्पतालों में दवाएं उपलब्ध हैं। चिकित्सक बाहर की दवाएं कतई न लिखें। यह निर्देश गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनेक्सी भवन में सभी चिकित्सा संस्थानों के प्रमुख की आहूत बैठक में दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों की समस्याओं और कमियों को निदेशक-सीएमएस अपने स्तर से जिम्मेदारी लेकर दूर करें। सभी अस्पताल एक-दूसरे से समन्वय बनाए रखें। यदि कोई सामान्य कमी हो तो दूसरे अस्पताल की सहायता लेकर उसे दूर करें। जो दवाएं जिलों के ड्रग वेयर हाउस में उपलब्ध हैं, उन्हें मरीजों को उपलब्ध कराया जाए। रोगी कल्याण निधि की राशि मरीजों के हित में प्रयोग की जाए। हर महीने अस्पताल के प्रमुख अपने संस्थान की क्रिटिकल परफॉर्मेंस का विश्लेषण करें। केयर एप में हर सोमवार उपकरणों की क्रियाशीलता का डाटा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों के लिए वेंटीलेटर-आईसीयू की व्यवस्था के लिए सभी चिकित्सा संस्थान आपस में समन्वय स्थापित करें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आपातकालीन वार्ड में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाए। मरीजों के लिए एंबुलेंस, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, आवश्यक दवाइयां, उपकरणों, पंखा-कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करें।



एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोपे पीपल, कदम्ब और मौलश्री के पौधे।

## प्रशांत किशोर के निशाने पर सीएम नीतीश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/समस्तीपुर**
**जन** सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि आपको क्या लगता है नीतीश कुमार अटल जी को श्रद्धांजलि देने गए थे? अगर श्रद्धांजलि देने ही गए थे तो पिछले साल क्यों नहीं गए थे? पिछले 8 बरस में नहीं गए, यहां तक कि जब भाजपा के साथ थे तब नहीं जाते थे। नीतीश कुमार का अपना राजनीति करने का तरीका है। एक दरवाजे को खोलते हैं और पीछे से खिड़की और रोशनदान दोनों को खोलकर रखते हैं। किसकी कब जरूरत पड़ जाए, इसके अनुसार अपना रास्ता खोले हुए हैं। समस्तीपुर शहर के पुलिस मैदान में गुरुवार को पत्रकार वार्ता के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि आई.एन.डी.आई.ए उनके लिए दरवाजा है और खिड़की राज्यसभा सदस्य हरिवंश नारायण हैं, जिनके माध्यम से उनका भाजपा के साथ संपर्क बना हुआ है। ये मैसेजिंग है जैसे हम कमरे में रोशनी आने के लिए जगह छोड़ देते हैं। ये सब तो बीजेपी और एनडीए वालों को मैसेज दे रहे हैं कि आपके जो बड़े श्रद्धेय थे उनकी हम इतनी श्रद्धा करते हैं।

## छोटी टिड्डी दिखने से विभाग हरकत में

**टीम एक्शन इंडिया/बीकानेर**
**जिले** की कोलायत तहसील में इस बार फाका (छोटी टिड्डी) दिखने से विभाग हरकत में आ गया। गनीमत है कि जैसलमेर की तरह ही यहां पर भी फाका ही है। इस कारण फसलों को किसी तरह का खतरा नहीं है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टिड्डी नियंत्रण केन्द्र की टीमों ने तुरंत प्रभाव से फाका को मार गिराया। किसानों के लिए राहत की बात है यह फाका उड़ नहीं सकता। इस कारण किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। टिड्डी नियंत्रण केन्द्र बीकानेर की टीमें लगातार सर्वे कर रही है।

## नूंह हिंसा की न्यायिक जांच से क्यों भाग रही है बीजेपी-जेजेपी: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**विधानसभा के** मानसून सत्र में कानून व्यवस्था व नूंह हिंसा और बाढ़ की वजह से हुए भारी नुकसान व सरकार के कुप्रबंधन पर चर्चा के लिए कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव दिए हैं। साथ ही बेरोजगारी व सीईटी पर्चे में धांधलियां, सरस्वती नदी की खुदाई करने के बारे में, दलितों पर बढ़ते अत्याचार, बाजरे की फसल में नुकसान, बाढ़ का मुआवजा, परिवार पहचान पत्र की परेशानियां, कर्मचारियों व क्लर्कों के वेतनमान, शिक्षा की चिंताजनक स्थिति, प्रॉपर्टी आईडी की धांधली, सहकारी ऋण व खाद्य बिक्री, आयुष्मान योजना की धांधलियों, किसान बीमा की धांधलियों और शामलात व जूमला मालकान आदि जमीन को पंचायतों के नाम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए गए हैं। इसके अलावा तमाम विधायक अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दों पर सरकार से सवाल-जवाब करेंगे। बुधवार को हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।



**सौंदर्यवर्धन**

### रतनगढ़ में अट्ठारह करोड़ की लागत से पहला चरण शुरू

## त्वरित गति से चल रहा स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य

**विकास कार्य**

**टीम एक्शन इंडिया/चूरू**
**उत्तर** पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य त्वरित गति से चल रहा है। रतनगढ़ स्टेशन पर प्रथम चरण में लगभग 18 करोड़ की लागत से निम्न कार्य करवाए जाने की योजना तैयार की गई है। रेलवे के सीनियर डीसीएम महेश कुमार जेवलिया के अनुसार स्टेशन की ओर आने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान, ड्रॉप ऑफ जोन, साइनेज इत्यादि में सुधार तथा सकुर्लेटिंग एरिया के सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्य, दो पहिया, चौपहिया एवं दिव्यांगजन के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, सौंदर्यवर्धन के लिए एलईडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्ट वर्क के साथ स्टेशन के वर्तमान भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार, बुकिंग ऑफिस, रिटायरिंग रूम में सुधार और पुराने स्टेशन भवन के फर्श को ऊंचा उठाकर सुधार तथा नए वेटिंग एरिया एवम नए आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक का प्रावधान।
सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाना, 12 मीटर चौड़े पैदल पुल का निर्माण जिसमें रैंप के प्रावधान के साथ सभी प्लेटफार्म से जुड़ाव तथा पैदल पुल तक सभी प्लेटफार्म में कवरिंग का प्रावधान, स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार से संबंधित कार्य तथा हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए सोलर प्लांट लगाना, यात्री सूचना प्रणाली में सुधार हेतु कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्पले बोर्ड्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, बड़े एलईडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक लगाना, सकुर्लेटिंग एरिया में 100 फीट ऊंचा स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज लगाना शामिल है।



**सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाया जाएगा**

